# कैरियर काउंसलिंग हेतु व्याख्यान

## 1. सेना में कैरियर कैसे बनाएं – वंशिका पांडे

### 05 अगस्त 2022




## 2. केरियर प्लानिंग रोजगार की पूंजी है – डॉ. राकेश रमन

### 17 सितंबर 2022



# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

## इतिहास विभाग

## द्वारा

## "देश सेवा हेतु सर्वश्रेष्ठ विकल्प सेना"

## विषय में

## विशेष व्याख्यान



मुख्य वक्ता

...का पांडे

... लेफ्टिनेंट

**स्थान- पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सभागार (New Hall)**

**दिनांक- 5 अगस्त 2022**

**समय- 11:00 बजे**



संरक्षक
डॉ. के. एल. टांडेकर
प्राचार्य
शा. दिग्विजय स्व. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय राजनांदगांव, छत्तीसगढ़





आयोजन सचिव
श्री हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर
NCC ...



आयोजन सचिव
श्री विकास कांडे
NCC Naval Off...

# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

## इतिहास विभाग

**द्वारा**

## *"कैरियर में सफलता कैसे प्राप्त करें"*

**विषय में**

**विशेष व्याख्यान**



**मुख्य वक्ता**

**डॉ. राकेश रमन**

**प्राध्यापक**

**बनारस हिंदू वि. वि. वाराणसी**

**(उ.प्र.)**

स्थान

पदुमलालपुन्नालाल बख्शी

सभागार

(New Hall)

दिनांक – 17 सितंबर 2022

समय. 12:00 बजे



**संरक्षक**

**डॉ. के. एल. टांडेकर**

**प्राचार्य**

**शा. दिग्विजय स्व. स्नातकोत्तर**

**महाविद्यालय, राजनांदगांव, (छ.ग.)**



**संयोजक**

**डॉ. शैलेंद्र सिंह**



**आयोजन सचिव**

**प्रो. हिरेन्द्रबहादुर ठाकुर**

कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग)
Web site- www.gdcr.ac.in Email principal@digvijaycollege.com

राजनांदगांव दिनांक 27 / 09 / 2022


## //प्रेस विज्ञप्ति//

# कैरियर प्लैनिंग रोजगार की पूंजी है – डॉ राकेश रमन


शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा केरल कौन सिह के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ राकेश रमन अध्यापक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से थे। प्राचार्य डॉ के.एल. टांडेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा प्राप्ति के पश्चात रोजगार प्राप्त करने के लिए आपको एक लक्ष्य निर्धारित करना पड़ेगा ,कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष इतिहास डॉ. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि पढाई के साथ–साथ कैरियर के बारे में जानकारी प्राप्त होना आवश्यक है पढाई के साथ–साथ आप अपने कैरियर हेतु कैसे प्रयास करेंगे उसका निर्धारण होना आवश्यक है नेपोलियन का उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया में असंभव नाम की कोई चीज नहीं है बस इच्छा शक्ति होनी चाहिए। प्रमुख वक्ता डॉ. राकेश रमन ने कहा कि छात्र छात्राओ का अपने योग्यता के अनुसार अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए बडी बडी लडाईयां हेतु छोटी–छोटी योजना आवश्यक होती है अतः कैरियर की शुरुआत आप अपने छोटे स्तर से भी कर सकते हैं आप अपने कैरियर को अंतिम लक्ष्य तक पहुंचाने हेतु योजना बनाना आवश्यक है आप अपने कार्यों को दबाव मानकर अपने आपको उससे अनुकूल बनाए तभी आप को किसी भी प्रकार का दबाव नहीं आएगा रोजगार हेतु आवश्यक नहीं है कि आप केवल सरकारी नौकरी पाने हेतु प्रयास करे वर्तमान समय में प्राइवेट सेक्टर में भी अपार संभावना है पर आवश्यकता है कि आप अपना सर्वस्व इस हेतु झोंक दें । आभार प्रदर्शन करते हुए प्रोफेसर हिरेंद्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि कैरियर मे जागरूकता सबसे आवश्यक है आपको पढाई के साथ–साथ वर्तमान समय की घटनाओं की भी जानकारी होना चाहिए इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संजय सप्तर्षी, प्रोफेसर हेमंत नंदा गोरी प्रोफेसर, जितेंद्र साखरे, प्रोफेसर, हेमलता साहू सहित लगभग 100 से अधिक छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



हिंदू विश्वविद्यालय के प्राध्यापक राकेश रमन के साथ इतिहास विभाग के छात्र-छात्राएं




हिंदू विश्वविद्यालय के प्राध्यापक राकेश रमन को स्मृति चिन्ह



# नेट स्लेट पर व्याख्यान

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दीपक वर्मा | 09 सितंबर 2022 |
| 2. | प्रतीक जैन | 20 अक्टूबर 2022 |
| 3. | लोकेश कुमार डेविड | 20 अक्टूबर 2022 |
| 4. | डॉ. शैलेन्द्र सिंह | 29 अक्टूबर , 05 नवंबर 2022 |
| 5. | हिरेंद्र बहादुर ठाकुर | 12,19,29 नवंबर 2022 |
| 6. | हेमलता साहू | 21 जनवरी , 28 फरवरी 2023 |



# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव

इतिहास विभाग द्वारा नेट सेट परीक्षा को पास करने हेतु मार्गदर्शन आयोजित ।

वक्ता – श्री प्रतीक जैन (नेट एवं जेआरएफ क्वालिफाइड , रिसर्च स्कॉलर( इतिहास विभाग )

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा नेट/स्लेट प्रतियोगिता में सफलता कैसे प्राप्त करें विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया था, जिसके वक्ता श्री प्रतीक जैन थे। श्री जैन के द्वारा यह समझाया गया कि किस तरीके से बच्चें अपने पहले प्रयास में ही नेट जेआरएफ की परीक्षा पास कर सकते है । इसके लिए उन्होंने सबसे पहले विषय से किस तरीके से क्वेश्चन पूछे जाते है और उसका आंसर किस तरीके से निकाला जाए उसके बारे में बताया फिर पहले पेपर की तैयारी जिसमे टीचिंग , रिसर्च , मैथ्स , कंप्यूटर आदि के बारे में विस्तार से बात की । उन्होंने बताया कि किस तरीके से पहले पेपर में आसानी से , स्मार्ट स्टडी करके अच्छे नंबर लाए जा सकते है जिससे आपको नेट एग्जाम पास करने में आसानी होगी । इसके लिए उन्होंने कुछ बुक्स जैसे के वी एस मदान रार की , और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी करने की स्ट्रेटजी बताई । पहले पेपर के बारे में बात करने के बाद उन्होंने दूसरे पेपर जो विषय से संबंधित होते है उनके बारे में बताया कि किस तरीके से पूरे सिलेबस पढ़ते समय नोट्स बनाते हुए तैयारी करे ताकि कम समय में भी आप नेट एग्जाम को पास कर सकते है। इसके बाद उन्होंने बारी बारी से बच्चों के सवालों का जवाब दिया।

# नेट/स्लेट की तैयारी कैसे करें – दीपक वर्मा

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में नेट/स्लेट की तैयारी कैसे करें विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके वक्ता श्री दीपक वर्मा सहायक प्राध्यापक इतिहास शासकीय महाविद्यालय, घुमका थे । दीपक वर्मा के द्वारा इतिहास विभाग में एम.ए. के विद्यार्थियों को नेट/स्लेट परीक्षा की कैसे तैयारी करें इसके लिए उन्होंने महाविद्यालय के एम.ए. प्रीवियस और फाइनल के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार स्टडी व सुव्यवस्थित तैयारी करने व मानक किताबों के अध्ययन पर फोकस करने हेतु प्रेरित किए। उन्होंने प्रथम प्रश्न पत्र के गणित व ताकि प्रश्नों का भी हल करने के टिप दिए। इतिहास विषय परीक्षण मुखी महत्वपूर्ण टॉपिक पर गहरा समझ विकसित करने मैप के माध्यम से नोट्स तैयार करके क्रमबद्ध रिवीजन पर बल दिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र सिंह ,सहायक प्राध्यापक हिरेंद्र बहादुर ठाकुर हेमलता मैडम उपस्थित थे।

# नेट/स्लेट की तैयारी कैसे करें – लोकेश कुमार डेविड

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में नेट/स्लेट की तैयारी कैसे करें विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके वक्ता लोकेश कुमार डेविड शोधार्थी इतिहास विभाग दिग्विजय महाविद्यालय थे। श्री डेविड द्वारा द्वारा एम.ए. सेकंड और एम.ए. फाइनल ईयर के स्टूडेंट को यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट तथा विभिन्न राज्यों द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा से हेतु मार्गदर्शन किया गया।

नेट सेट की परीक्षा को उच्च शिक्षा में शिक्षण हेतु जरूरी व महत्वपूर्ण है, जो राज्य सरकार द्वारा समय अंतराल तथा यूजीसी द्वारा प्रत्येक वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। उपरोक्त परीक्षाएं उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु पास करना आवश्यक है जिसके बारे में छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी व अध्ययन करने के तरीके बताए गए। इस परीक्षा के लिए न्यूनतम योग्यता पोस्ट ग्रेजुएशन है इस परीक्षा में 2 पेपर होते हैं जिसमें प्रथम पेपर रिसर्च संबंधित तथा दूसरा पर का मुख्य विषय का होता है और इसके लिए गहन अध्ययन आवश्यक होती है ऐसे छात्रों को बतलाया गया जिसको छात्रों ने विशेष रूचि के साथ सुना।

NET/SET परीक्षा हेतु व्याख्यान- लोकेश कुमार डेविड



NET/SET परीक्षा हेतु व्याख्यान- प्रतीक कुमार जैन

